पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)
------

# राज्यपाल को राजभवन में कार्यरत महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नारी शक्ति वंदन बिल पारित होने पर बधाई दी

------

लखनऊ : 23 सितम्बर, 2023

राजभवन में कार्यरत महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आज यहां राजभवन में राज्यपाल से भेंट कर उन्हें नारी शक्ति वंदन बिल पारित होने पर बधाई दी और इसके लिए राज्यपाल जी के समक्ष प्रधानमंत्री जी का आभार भी व्यक्त किया।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने सभी महिलाओं से इस बिल के बारे में जानकारी ली तथा भविष्य में उनको इस विधेयक से होने वाले लाभों के बारे में भी पूंछा। उन्होंने महिलाओं से कहा कि नेतृत्व के स्थान पर आकर सामाजिक अपेक्षाओं को प्राथमिकता से पूरा करना अवश्य सीखे। उन्होंने कहा कि सदियों से हमारा समाज पुरूष प्रधान समाज है, इसलिए कार्यक्षेत्र में आकर महिलाएं दोहरी जिम्मेदारी निभाती हैं, जो कि एक चुनौती है। उन्होंने कहा कि नेतृत्व हासिल करके अपने सामाजिक जीवन की निरंतरता को बनाए रखना और पद के अनुरूप जिम्मेदारियों का स्वयं निर्वह्न करना आवश्यक हैं। इसके लिए नेतृत्व की आकांक्षी महिलाओं को जमीनी स्तर से अपने कार्यों को सम्पादित करना सीखना होगा।

राजभवन की महिलाओं ने ये विधेयक पारित होने की खुशी व्यक्त करते हुए राज्यपाल जी से महिला नेतृत्व के रूप उनके साथ कार्य करने से प्राप्त अनुभव साझा किए और इस अहसास को भी साझा किया कि महिला नेतृत्व प्राप्त होने से यहाँ महिलाएं अधिक सुरक्षा और अपनी कार्य क्षमताओं के प्रसार का अवसर प्राप्त कर सकीं हैं। महिलाओं ने कहा कि जब सदन में 33 प्रतिशत महिलाओं की उपस्थिति होगी तो महिलाओं के हक में आवाजों को मजबूती मिलेगी। महिलाओं ने 'नारी शक्ति वंदन बिल' पारित होने की खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने मातृशक्ति का आदर किया है।

इस अवसर पर कार्यक्रम में राजभवन की समस्त महिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थीं।

———

डॉ0 सीमा गुप्ता
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361